आकाशवाणी मध्यप्रदेश से प्रस्तुत हैं प्रादेशिक समाचार

दिनांक: 10.07.2025 समय : 02.10PM

प्रधानमंत्री की वापसी

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी घाना, त्रिनिदाद और टोबैगो, अर्जेंटीना, ब्राज़ील और नामीबिया की अपनी पाँच देशों की यात्रा के बाद आज नई दिल्ली लौट आए हैं। प्रधानमंत्री ने अपनी यात्रा के दौरान भारत के साथ संबंधों को और मज़बूत करने के लिए इन देशों के राष्ट्राध्यक्षों से बातचीत की। श्री मोदी ने रियो डी जेनेरियो में ब्रिक्स शिखर सम्मेलन में भी भाग लिया।

इन यात्राओं का उद्देश्य वैश्विक दक्षिण में भारत के संबंधों को मज़बूत करना, अटलांटिक के दोनों ओर साझेदारी को मज़बूत करना और ब्रिक्स, अफ्रीकी संघ, इकोवास और कैरीकॉम जैसे बहुपक्षीय मंचों पर संबंधों को मजबूत करना था।

मुख्यमंत्री गुरु पूर्णिमा

गुरु पूर्णिमा के अवसर पर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने आज भोपाल के कमला नेहरू सांदीपनि शासकीय कन्या विद्यालय में सर्व-सुविधायुक्त नवीन भवन का लोकार्पण किया। लगभग 36 करोड़ रुपए की लागत से निर्मित इस अत्याधुनिक भवन में उन्नत प्रयोगशालाएं, लाइब्रेरी और आधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित ऑडिटोरियम का निर्माण किया गया है। मुख्यमंत्री ने विद्यार्थियों को नि:शुल्क साइकिल का वितरण का भी शुभारंभ किया। मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर कहा कि राज्य में सरकारी स्कूल निजी स्कूल से बेहतर हो रहे हैं।

स्कूल शिक्षा एवं परिवहन मंत्री उदयप्रताप सिंह ने कहा कि जुलाई के पहले हफ्ते में ही सरकार ने पुस्तके, साइकिल, लैपटॉप दे दिए हैं।

गुरु पूर्णिमा महोत्सव

आज देश भर में गुरु पूर्णिमा मनाई जा रही है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देशवासियों को शुभकामनाएं दी हैं। प्रदेश में दो दिवसीय गुरुपूर्णिमा का उत्सव भक्तिभाव से मनाया जा रहा है। इस दौरान गुरू दीक्षाए, सांस्कृतिक सभाएं और गुरू शिष्य परम्परा के तहत विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे हैं।

इस अवसर पर **आगरमालवा** जिले में केवड़ा स्वामी स्थित भैरवनाथ मंदिर पर विभिन्न प्रांतों से बड़ी संख्या में श्रृद्धालु आये है। वही **खंडवा** जिले के दादा धूनीवाले धाम पर गुरुपूर्णिमा महोत्सव की शुरुआत भक्तिभाव के साथ हुई. कल रात 12 बजे तक एक लाख से अधिक श्रद्धालुओं ने मंदिर में दर्शन किए. देर रात से ही बड़ी संख्या में मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र एवं अन्य प्रदेश से श्रद्धालुओं के आने का सिलसिला जारी है। **जबलपुर** में विभिन्न आश्रमों-स्थलों पर गुरु पूजन और आध्यात्मिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। **नर्मदापुरम** में कई मंदिरों और आश्रमों में विशेष पूजा-अर्चना और अनुष्ठान आयोजित किए जा रहे हैं.

मौसम

मध्यप्रदेश में बारिश का दौर जारी है। मौसम विभाग ने आज 14 जिलों में अति भारी और 22 जिलों में भारी बारिश होने की चेतावनी जारी की है। भारी बारिश से जनजीवन प्रभावित हो रहा है। जबलपुर, रीवा, शहडोल, मंडला, नरसिंहपुर, उमरिया, शिवपुरी, सागर के साथ-साथ ग्वालियर संभाग के कई जिलों में बाढ़ जैसे हालात बन गए हैं। मौसम विभाग ने प्रदेश में अगले 24 घंटों के दौरान पूर्वी मध्य प्रदेश के कुछ क्षेत्रों में अचानक बाढ़ के खतरे की संभावना भी व्यक्त की है। इनमें अनूपपुर, बालाघाट, छतरपुर, छिंदवाड़ा, दमोह, डिंडोरी, जबलपुर, कटनी, मंडला, नरसिंहपुर और उमरिया जिले शामिल हैं।

अब कुछ समाचार संक्षेप में

- दिल्ली राष्ट्ररय राजधानी क्षेत्र में आज सुबह भूकंप के झटके महसूस किये गये। रिक्टर पैमाने पर 4.4 तीव्रता के इस भूकंप का केन्द्र हरियाणा का झज्जर जिला था।
- जबलपुर हाईकोर्ट ने कहा कि संबल योजना के लाभार्थी विद्यार्थियों की ट्यूशन फीस और परीक्षा फीस सरकार ही भरेगी। हाईकोर्ट ने रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय को निर्देश दिए हैं कि याचिकाकर्ता छात्रों से शुल्क वसूल किए बिना ही उन्हें परीक्षा में शामिल करें।
- गुना कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल की अध्यक्षता में समय–सीमा बैठक आयोजित की गई। जिसमें सीईओ जिला पंचायत अभिषेक दुबे सहित सभी विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।